

# सूखा नदी में हुआ श्रमदान, कब होगी अतिक्रमण मुक्त !

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूखा नदी को पुनर्जीवित करने जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों के साथ की सफाई

नवभारत मुहिम

**सीधी 20 अप्रैल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूखा नदी को पुनर्जीवित करने जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों के साथ सफाई की। सूखा नदी में श्रमदान हुआ, अब सवाल यह है कि वह अतिक्रमण मुक्त कब होगी।**





जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूखा नदी के पुनर्जीवन के लिए उसके उद्गम स्थल ग्राम पटेहरा खुर्द में व्यापक जनसहभागिता के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक श्रीमती रीती पाठक की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नदी के उद्गम स्थल की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं जल प्रवाह को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सामूहिक रूप से कार्य किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता ने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया।

शहर के बाजार क्षेत्र के समीप से प्रवाहित सूखा नदी का अपना पुराना इतिहास है। सूखा नदी के बार में पुरानी किदवंती है कि सूखा रोग से ग्रसित मरीज को उसके पानी में स्नान करा देने से सूखा रोग से मुक्ति मिल जाती थी। करीब 3 दशक से सूखा नदी के पानी में शहर की नालियों का पानी गिरने के कारण यह पूरी तरह से प्रदूषित हो चुकी है। अब नदी के पानी में कोई स्नान नहीं करता, उसका पुराना महत्व उपेक्षा के कारण खत्म हो चुका है।

### जनशक्ति से ही जल संकट का समाधान संभव : डॉ.राजेश

सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन और सभ्यता का आधार है। उन्होंने कहा कि आज जब जल संकट विश्व स्तर पर एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे समय में जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'जल संरक्षण जन आंदोलन' के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि देशभर में जल बचाने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उसी प्रेरणा से प्रदेश और जिला स्तर पर भी इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सांसद ने कहा कि नदियों का पुनर्जीवन, तालाबों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल स्तर को बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें, अनावश्यक व्यय से बचें और अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरचनाओं के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### जल बचाना ही आने वाले पीढ़ियों की सुरक्षा : रीती

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान इसी सोच का परिणाम है जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और जल संकट से स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सूखा नदी का पुनर्जीवन केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रयास है। इससे न केवल जल उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि कृषि, पशुपालन और पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। विधायक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न मानें बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर, हर खेत और हर गांव में जल संरक्षण के छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए संकल्प दिलाया कि वे जल की एक-एक बूंद की महत्ता को समझेंगे और उसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### सूखा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने दायर है याचिका

सूखा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में तत्कालीन कलेक्टर अभिषेक सिंह द्वारा पहली मर्तबा सार्थक कार्रवाई शुरू कराई गई थी। उनके स्थानांतरण के बाद से ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासनिक रूप से ठप्प हो गई। सूखा नदी एवं हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये समाजसेवी ए.एन.सिंह द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका हाईकोर्ट में अभी लंबित है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती नीतू सिंह, सरपंच श्रीमती सोनिया रावत, विश्वबंधुधर द्विवेदी, श्रीमती मनीला सिंह, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, सीईओ जनपद चंदूलाल पनिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रमदान कर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।



# कलेक्टर ने नवीन बस स्टैण्ड का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 20 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने शहर के नवीन बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैण्ड परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही बसों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए गंतव्यवार पार्किग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ऑटो पार्किंग को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित करने तथा यातायात को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैण्ड पर नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए और यात्रियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की जाए, जिससे उन्हें आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन सहज रूप से मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रिया पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भव्य शोभायात्रा व बाइक रैली के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**सीधी 20 अप्रैल। पूजा पार्क सीधी में शनिवार को ब्राह्मण एवं सवर्ण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक झांकियों, भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न पाण्डेय ने की। इस दौरान प्रमुख रूप से समाजसेवी पुष्पराज मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा, संजय मिश्रा, संजीव पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय, पंकज सिंह, डॉ.राम तिवारी एवं डॉ.अतुल पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए भगवान परशुराम जी के जयकारों से गूंज उठी। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, सामाजिक समरसता, सभ्यता एवं शांति का विशेष उदाहरण देखने को मिला।

यात्रा पूर्णतः शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया और यह संदेश दिया कि सवर्ण समाज अपनी संस्कृति, संस्कार और अनुशासन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। साथ ही सभी वर्गों के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का भी आह्वान किया गया। अंत में आयोजक मंडल की ओर से नगर एवं क्षेत्र से आए हुए सभी सम्मानित जनों का हृदय की गहराइयों से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भुईमाड़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई, गुमशुदा बालक को परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**सीधी 20 अप्रैल। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अभियान मुस्कान के तहत सीधी पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट/कुसमी रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना भुईमाड़ पुलिस ने एक लापता बालक को मात्र 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया है।**



थाना भुईमाड़ में परिजनों द्वारा बालक के लापता होने की सूचना दी गई थी जिस पर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि किशोरावस्था की उम्र में बच्चे अक्सर चंचलता, खेलकूद की इच्छा या घर की किसी सामान्य बात पर नाराज होकर बिना बताए कहीं निकल जाते हैं। यह बालक भी इसी तरह के किसी कारणवश घर से निकल गया था, जिससे परिजन काफी चिंतित थे। थाना प्रभारी भुईमाड़ उप निरीक्षक डी.डी.सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत तलाश शुरू की। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने खोजबीन जारी रखी। पुलिस के निरंतर प्रयासों के बाद बालक को थाना मड़वास क्षेत्र में खोज निकाला गया। बालक को सुरक्षित थाना लाकर उसकी उचित काउंसलिंग की गई और उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीडी सिंह, प्रधान आरक्षक भूपेश कर्चुली, आरक्षक विक्की सिंह एवं दयाराम की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका रही।

## एक नजर में

### रामराज सिंह का दु:खद निधन



**सीधी।** मझौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत क्षेत्र खड़ौरा के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह के बड़े भाई रामराज सिंह पूर्व प्रबंधक तेंदुपत्ता संग्रहण का 60 वर्ष की आयु में दु:खद निधन हो गया। वे अपने पीछे दो बेटियां नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़कर सदा के लिए इस संसार से विदा हो गए। निधन की खबर लगते हीं खड़ौरा गांव मे शोक की लहर छा गई। उनके भाई राकेश सिंह के द्वारा दाह संस्कार किया गया। जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य छोटू पयासी, विक्रम शुक्ला सरपंच, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनील जायसवाल, छत्रपति सिंह शिक्षक, सातेन्द्र सिंह, शेषभान सिंह, ध्रुव सिंह, अवधराज सिंह रिटायर्ड खाद्य आपूर्ति अधिकारी, यूथ कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष मझौली कनक सिंह, सौम्या मेडिकल संचालक प्रवेश गुप्ता सहित अन्य लोंगो ने दु:ख जताते हुए शोक संवेदना प्रकट किये।

### पंख कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से दृष्टि योजना अंतर्गत 'पंख' कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले में विभिन्न सामाजिक विषयों पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों के कार्यों को विस्तार देने और उनके क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने सभी स्वैच्छिक संगठनों से जल गंगा संवर्धन अभियान, नशामुक्त भारत अभियान, बाल विवाह उन्मूलन सहित अन्य सामाजिक विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने तथा शासन की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की एक जिला स्तरीय डायरेक्टरी तैयार किए जाने का प्रस्ताव है। जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए परिषद की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में चिन्हित स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों से आए अधिकारियों ने अपने विभाग की प्रमुख योजनाओं से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक रजनीश मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल कुमार पाठक द्वारा किया गया।

### अवैध बीज विक्रय पर प्रशासन सख्त, एफआईआर दर्ज

**सीधी।** जिले में कृषि आदानों की कालाबाजारी पर रोक लगाने एवं किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज, खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम महखोर के कृषकों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पाया गया कि हेमंत सिंह निवासी ग्राम सुरहा थाना अदलहाट जिला मिर्जापुर (उ.प्र.) द्वारा बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से धान का बीज विक्रय किया जा रहा था। सूचना मिलते ही कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं बीज निरीक्षक पी.एल.कुशवाहा मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान अवैध बीज जब्त कर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद मड़वास थाने में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत लाइसेंसी विक्रेताओं से ही प्रमाणित बीज क्रय करें और किसी भी प्रकार के अवैध विक्रय की सूचना तत्काल विभाग को दें।

# झगरहा पंचायत में अटल ग्राम सुशासन भवन का लोकार्पण

## वरिष्ठ नागरिक व रिटायर्ड शिक्षक का हुआ सम्मान, जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 20 अप्रैल। ग्राम पंचायत क्षेत्र झगरहा में अटल ग्राम सुशासन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**



कार्यक्रम में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, सरपंच निशा संजय पाण्डेय, विश्वबंधु धर द्विवेदी, के.के.तिवारी, एसडीएम राकेश शुक्ला, पंकज पाण्डेय, रोहित मिश्रा एडवोकेट, योगेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, ललन सिंह, संतोष पाण्डेय भैया, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदूलाल पनिका, रमाकांत यादव, रामाश्रय पटेल, सहायक यंत्री आर.के.उपाध्याय, उपयंत्री हरिनारायण पनिका, संजय पाण्डेय सरपंच प्रतिनिधि, साक्षी महाविद्यालय बढ़ौरा के डायरेक्टर देवेन्द्र मिश्रा, महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल रामगढ़ सेमरिया के डायरेक्टर श्रीकांत तिवारी, आयुष इंडियन पब्लिक स्कूल देवगढ़ के संचालक शैलेश तिवारी, उद्र प्रसाद मिश्रा रजिस्ट्री लेखक सीधी, विजय फोटो स्टूडियो सेमरिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्रा, रामजन्म तिवारी, पत्रकारों में ओपी पाठक सीधी, दया सिंह, मानिक लाल गुप्ता, उपेन्द्र मिश्रा सीधी एवं पीसीओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

भवन के लोकार्पण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, रिटायर्ड शिक्षकों एवं सेना से सेवानिवृत्त जवानों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भवन निर्माण में योगदान देने वाले कारीगरों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अटल ग्राम सुशासन भवन ग्राम स्तर पर प्रशासनिक कार्यों को सुदृढ़ करने, पारदर्शिता बढ़ाने एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया।



# रामपुर नैकिन में संपर्क कक्षा आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 20 अप्रैल। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत विकासखंड रामपुर नैकिन में संचालित संपर्क कक्षा का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर परिषद के शासी निकाय के सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी एवं जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सामूहिक सत्र में श्री द्विवेदी ने छात्रों को अपने प्रयोगशाला ग्रामों में सामाजिक जुड़ाव के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम भितरी में जल संरक्षण के उद्देश्य से जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया, जो ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार पाठक, नवांकुर संस्था के प्रमुख, समस्त परामर्शदाता एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# पूरे इंडी गठबंधन ने एक ऐतिहासिक अवसर को खो दिया : रीती पाठक

## स्थानीय सर्किट हाउस में महिला आक्रोश प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 20 अप्रैल। लोकसभा में नारी शक्ति बंदन अधिनियम के गिरने से भारत की आधी आबादी न केवल दुखी है बल्कि अत्यधिक आक्रोशित है। कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों के इस महिला विरोधी गठबंधन ने न केवल एक विधेयक को रोका बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। विपक्ष का जश्न, हर महिला का अपमान है।**




उक्त आशय के उद्गार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित महिला आक्रोश प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थ के कारण विपक्ष ने एंटी वूमेन एलायंस ने रोक दिया। राहुल गांधी और उनके एंटी वूमेन एलायंस ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी नारा है वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वाला रहा है। कांग्रेस ने शाहबानो प्रकरण, ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकार का विरोध किया था।

विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और एंटी वूमेन एलायंस ने महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर दशको से संसद में उनकी आकांक्षाओं को कुचलते हुए उनके हितों का दमन किया है। कांग्रेस की मानसिकता अत्यंत घटिया और निकृष्ट है। कांग्रेस ने हर उस महिला का अपमान किया है जो वर्षों से अपने अधिकार का इंतजार करती रही। विधायक श्रीमती पाठक ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए कहा कि वाड्रा द्वारा महिलाओं के लिए इस्तेमाल जैसा शब्द का उपयोग करना भारत के सांस्कृतिक भावना के विरुद्ध है। हमने महिला को दुर्गा, काली, सरस्वती और लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हमेशा पूजा है। महिलाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी को रोकने की सोची समझी रणनीति एंटी वूमेन एलायंस ने अपनाए है, जिस देश की जनता विशेष रूप से मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। सीधी विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है। आने वाले समय में हम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशांत करेंगे और एंटी वूमेन गठबंधन को आईना दिखाने का कार्य आगे आने वाले चुनाव में देश की नारी शक्ति अवश्य करेगी। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे और आभार प्रदर्शन अभियान की संयोजक मनीला सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम सोनी, जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधुधर द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सीधी के सर्वांगीण विकास पर हो रहा फोकस

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पत्रकारों द्वारा लोकल मुद्दों के जवाब में विधायक श्रीमती रीती पाठक ने उपभोक्ताओं एवं शादी विवाह वाले घरों के लिए घरेलू गैस में हो रही परेशानी के संबंध में मौके पर कलेक्टर को निर्देशित किया। वही अपनी उपलब्धियां गोपाल दास बांध, गोरियारा बांध, सड़के आदि के सौंदर्यीकरण एवं अतिक्रमण की भी चर्चा की।